(c) Against the allotments of 22.5 th. tonnes of rice made for the calendar year 1971, 13.3 th. tonnes has already been despatched. The quantity of wheat despatched to Tripura during the financial year 1970-71 was 2.2 th. tonnes. The quantity despatched during April 1971 was 205 tonnes. Further despatches are in progress.

(d) No, Sir.

राजस्थान में अकाल राहत कार्यों का पूरा किया जाना

59?. **श्री शिवनाथ सिंह** : क्या कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि

(क) क्या राजस्थान के उन दस जिलों में से प्रत्येक में जिन्हें वहाँ अकाल पड़ने के कारण पिछड़ा हुआ समझा जाता है अपूर्व अकाल राहत कार्यों को पूरा करने के लिए दो करोड़ रुपये की लागत की कोई योजना है ;

(ख) यदि हां, तो उनके चयन का क्या आधार है ,

(ग) क्या सरकार का विचार झुंझुनू और सीकर जिलों में पानी तथा वर्षा की कमी, और उन क्षेत्रों के प्रतिवर्ष अकालग्रस्त हो जाने की स्थिति को ध्यान में रखते हुए दोनों जिलों को उक्त योजना में शामिल करने का है ;

(घ) जिन जिलों को योजना द्वारा सहायता प्रदान करने के लिए चुना गया है क्या सीकर और झुंझुनू जिलों की हालत उनसे अधिक खराब है; और

(ङ) इसके क्या कारण है ?

कृषि मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री शेर सिंह) (क) निरन्तर सूखा ग्रस्त क्षेत्रों के लिये ग्राम निर्माण कार्यक्रम के आधीन, लघु सिंचाई, भूमि संरक्षण, वनारोपण और संचार सुविधायें जैसे क्षेत्रों में श्रम वाली और उत्पादनोन्मुखी योजनायें अपनाई जाती हैं । राजस्थान राज्य में इस कार्यक्रम के कार्यान्वयन के लिये जैसलमेर, बारमेर, पाली, जालौर, बीकानेर, चुरू, जोधपुर, बसवाड़ा नागौर, और डूंगरपुर नामक 10 जिले चुने गये हैं । चुने गये प्रत्येक जिले के लिए, चौथी योजना काल में लगभग 2 करोड़ रुपये का परिव्यय उपलब्ध किया जायेगा । यद्यपि, कार्यक्रम का मंतव्य अधूरे अकाल राहत कार्यों को पूरा करना नहीं है, तथापि यदि अन्य शर्तें पूरी होती हों तो ऐसे कार्यों को प्राथमिकता दी जायेगी ।

(ख) ग्राम निर्माण कार्यक्रम जिलों का चुनाव जो सूखा ग्रस्त क्षेत्रों के केन्द्र बिन्दु है, वहां के सूखे की स्थिति पर किया जाता है । यह स्थिति वहां कितनी बार और कैसी वर्षा होती है, कितनी अवधि और किस सीमा तक सूखा पड़ता है, जिले में कुल फसल आधीन क्षेत्र के कितने प्रतिशत भाग में सिंचाई होती है और अन्य सम्बन्धित तथ्यो जैसी वास्तविक कसौटियों से जानी जाती है ।

(ग) जी नहीं ।

(घ) जी नहीं ।

(ङ) प्रश्न नहीं होता ।

कृषि उत्पादों के मूल्यों में गिरावट को रोकने के लिये कार्यवाही

599. **श्री शिवनाथ सिंह** : क्या कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि .

(क) 1970 वर्ष की तुलना में 1971 वर्ष के दौरान गेहूं, चना, चावल तथा बाजरा जैसे कृषि उत्पादों के मूल्य में गिरावट की प्रतिशतता क्या थी और इसे रोकने के लिये सरकार द्वारा क्या कार्रवाई की जा रही है;

(ख) क्या भारतीय खाद्य निगम खाद्यान्नों के मूल्यों में गिरावट को रोकने में असफल रहा और भारतीय खाद्य निगम के अधिकारियों और कर्मचारियों के विरुद्ध ऐसी शिकायतें प्राप्त हुई,